

# करैरा पुलिस ने अवैध विस्फोटक पटाखे जप्त किये

**नवभारत न्यूज**
**करैरा, 22सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा अवैध हथियार अवैध खनन परिवहन अवैध शराव अबैध विस्फोटक फ्टाखे की धरपकड जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन मे एवं एस.डी.ओ.पी. डॉ आयुष जाखड के मार्गदर्शन में आज दिनांक 22ण09ण2025 को थाना करैरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक



नीले रंग की लोडिंग मे अबैध रुप से फटाखे भरकर दिनारा तरफसे करैरा

रही है उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान टीला चौराहा पर पहुंच कर वाहन चैकिंग लगाई गई तभी एक नीले रंग की लोडिंग आपे आते हुए दिखी फोर्स की मदद से उक्त लोडिंग आपे को रोककर चैक किया गया तो लोडिंग आपे के अन्दर गत्ते के पांच कार्टून जिनके उपर बोरी से सिलाई की गई थी उक्त कार्टून को खोलकर चैक किया गय तो कार्टूनो के अन्दर फुलजडी एबमएसुतली बम एअनार आदि प्रकार के फ्टाखे भरे हुए थे बाद चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सूरज पुत्र बालिकदास अहिरवार उम्र 28 साल निवासी ग्राम दुरसडा थाना दुरसडा जिला दतिया का होना बताया तब उक्त चालक से फटाखे रखने व लाने ले जाने के संबंध में लायंसेस चाहा गया तो उसने अपने कोई लायसेंस नही होना बताया आरोपी का यह कृत्य अपराध धारा 5 ए9 विस्फ ोटक अधिनियम 1884 के तहत दण्डनीय पाया जाने से आरोपी सूरज अहिरवार से लोडिंग कीमती करीब 300000 रूपये एंव गत्ते के छोटे बड़े पांच कार्टून फ्टाखे आदि भरे हुए कीमती करीब 20000 रूपये को जप्त किये गये ।

## महिला ने खुद को घर में लगाई आग, हालत गंभीर

**श्योपुर ।** कराहल थाना क्षेत्र के सिरसनबाड़ी गांव में आज देर शाम एक महिला ने खुद को आग लगा ली। आग लगने से महिला की हालत नाजुक बताई गई है। उसे कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मी आदिवासी शाम के वक्त घर पर थी। तभी उसने कमरे में जाकर खुद को आग लगा ली। आग लगाने की जानकारी परिजन और ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने बुझाने के काफी जतन किए। तब तक महिला काफी झुलस चुकी थी। महिला को इलाज के लिए कराहल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज करने के बाद डाक्टरों ने उसे रैफर कर दिया। कराहल टीआई याशमीन खान ने बताया कि महिला की हालत नाजुक है। फिलहाल आग लगाने के कारण पता नहीं चल सके हैं, लेकिन गृह क्लेश की बात सामने आ रही है।

# एक पेड़ माँ के नाम भविष्य को संजोने का संकल्प




## वन परिक्षेत्र शिवपुरी के अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22सितम्बर।** वन परिक्षेत्र शिवपुरी के अन्तर्गत नगर वन लुधावली में सेवा पर्व के उपलक्ष्य में एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि हर पौधा हमारी आने वाली पीढ़ी की धरोहर है। जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समाज का साझा दायित्व है। पुलिस अधीक्षक अमन राठौर ने कहा कि वृक्ष हमारी सुरक्षा कवच हैं, हर व्यक्ति को इनके संरक्षण में योगदान देना चाहिए। वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी सुधांशु यादव ने कहा कि पौधों की देखभाल ही असली सेवा पर्व है।

उप वनमण्डलाधिकारी आदित्य शांडिल्य ने कहा कि पौधा रोपण केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, वन परिक्षेत्राधिकारी शिवपुरी सौरभ द्विवेदी, नवीन कुमार सोटीओ-केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, धमेन्द्र कुमार असिस्टेन्ट कमाण्डेण्ट, पवन कुमार सिंह असिस्टेन्ट कमाण्डेण्ट, के.पी. यादव इन्सपेक्टर एवं 60 अन्य जवान, सीआईएटी से भूपेन्द्र सिंह गोसाई एवं 40 अन्य जवान, ट्रेनी एसीएफ 50, परिक्षेत्र सहायक बाबूलाल नरवरिया कार्यवाहक वनपाल, वन परिक्षेत्र शिवपुरी का अन्य स्टाफ तथा कॉलेज के 40 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# करेरा एवं खनियाधाना में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22 सितम्बर।** जिले में स्वस्थ नारी: सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ ले रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण, उपचार एवं जागरूकता संबंधी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे आमजन विशेष रूप से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग लाभान्वित हो रहे हैं।

विकासखंड करेरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमोलपाठा में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में विधायक करेरा रमेश खटीक एवं अन्य जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस शिविर में कुल 201 रोगियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसी तरह विकासखंड खनियाधाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहरीकला में आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य सियाराम लोधी एवं ग्राम सरपंच सूरज भाई लोधी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस शिविर में कुल 145 रोगियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराई जाती है, प्राथमिक उपचार सुविधा मिलती है तथा गंभीर रोगों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए रेफर किया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी जाती है, जिससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर ऐसे ही शिविरों का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिनसे हजारों लोगों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ है।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22सितम्बर।** सेवा पर्व के अवसर पर सोमवार को वन विद्यालय शिवपुरी में मेदांता फाउंडेशन के सौजन्य से नि:शुल्क जनरल मेडिकल चेकअप एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

वन विद्यालय शिवपुरी के संचालक सुधांशु यादव, भारतीय वन सेवा एवं अनुदेशक आदित्य शांडिल्य, राज्य वानिकी सेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 180 कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा वनरक्षक सत्र 122वें के प्रशिक्षुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेदांता फाउंडेशन से आई चिकित्सक टीम ने प्रतिभागियों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। इसी क्रम में ब्लड बैंक, विभाग पैथालॉजी, श्रीमंत राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल शिवपुरी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संचालक सुधांशु यादव ने कहा कि सेवा पर्व जैसे आयोजनों से कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। अनुदेशक आदित्य शांडिल्य ने कहा रक्तदान महादान है, इससे अनेक जिंदगियों को बचाया जा सकता है। वन विद्यालय परिवार इस सेवा भाव में शामिल होकर गौरव का अनुभव कर रहा है। ऐसे आयोजन न केवल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देते हैं बल्कि सेवा पर्व की भावना को भी सार्थक बनाते हैं। वन विद्यालय शिवपुरी प्रशासन एवं मेदांता फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**शिवपुरी।** खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल और माय भारत के सौजन्य से आजाद युवा मंडल चकरामपुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और संकल्प बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री काशीराम जाटव का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री सीताराम कुशवाहा, अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और युवाओं तक सीधे संदेश पहुँचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर संगोष्ठी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित कई विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में शिक्षक संतोष पांडे, राजकुमार बाथम, किशन सिंह कुशवाहा, हरकिशन सोन, सिंह खैम सिंह अटल, केशव सोनू समेत अनेक ग्रामीण युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति अपना संकल्प व्यक्त किया।

# आदर्शनगर शासकीय विद्यालय को 50 .90 लाख की स्वीकृति

## नये कक्षों का निर्माण एवं मरम्मत होगी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के अथक प्रयासों से शिवपुरी शहर स्थित शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक शाला आदर्श नगर में कक्षों की मरम्मत एवं निचले स्तर पर 7 नवीन कक्षों के निर्माण हेतु 50 लाख 90 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इसके लिए शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षकों तथा विद्यालय परिवार ने कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि यह राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान सिंगरौली के सदस्य सचिव द्वारा विद्यालय के लिए प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि से विद्यालय भवन की मरम्मत, कक्षों का सुदृढ़ीकरण एवं 7 नये कक्षों का निर्माण किया जाएगा। इस पहल से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लंबे समय से हो रही असुविधाओं से राहत मिलेगी। नये एवं मरम्मत किए गए कक्ष मिलने से बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और पर्याप्त अध्ययन कक्ष उपलब्ध होंगे। इससे पठन-पाठन का वातावरण बेहतर होगा, विद्यार्थियों को बैठने और पढ़ाई करने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी, साथ ही खेलकूद एवं सह-पाठ्य गतिविधियों के लिए भी अनुकूल माहौल तैयार होगा।

# कलेक्टर ने दी चेतावनी, नरवाई जलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी।** खरीफ 2025 में मक्का एवं धान की फसल की कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने हेतु किसानों द्वारा नरवाई (अवशेष) जलाए जाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने स्पष्ट किया है कि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसा करने से वातावरण का तापमान बढ़ने के साथ-साथ प्रदूषण फैलता है और भूमि की ऊर्वरा शक्ति कम होकर खेतों की जल धारण क्षमता घट जाती है।

कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी भी किसान अथवा व्यक्ति द्वारा खेत में नरवाई जलाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए 2500 रुपये से 15000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि नरवाई जलाने की बजाय आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, स्मार्टसीडर और रोटावेटर का उपयोग करें। इन यंत्रों के उपयोग से खेत में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ेगी, भूमि की उर्वरा शक्ति एवं जल धारण क्षमता में सुधार होगा और अगली फसल की उत्पादकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस संबंध में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, शिवपुरी पी.एस. करोरिया ने भी किसानों को नरवाई न जलाने की सलाह देते हुए कहा है कि आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान न केवल अपनी भूमि की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं बल्कि उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी कर सकते हैं।

# दावा प्रतिपूर्ति और जमा प्रणाली हेतु ऑनलाइन डैशबोर्ड का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22सितम्बर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर, नई दिल्ली में गत दिवस आयोजित समारोह में माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत (न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, एन.ए.एल.एस.ए.) ने ऑनलाइन डैशबोर्ड फॉर क्लेमेन्ट रीइम्बर्समेंट एंड डिपॉजिट सिस्टम तथा एम.ए.सी.टी. पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी तथा माननीय न्यायमूर्ति आलोक अराधे (न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, माननीय न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं माननीय न्यायमूर्ति आनंद पाठक (सभी न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय) ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

डिजिटल न्याय की दिशा में बड़ा कदम यह पोर्टल मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों से संबंधित मामलों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन प्रगति ट्रैकिंग और मुआवज़ा वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। इसके माध्यम से पीड़ितों और उनके परिजनों को शीघ्र और सरल न्याय उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में नया डैशबोर्ड तथा 22 अप्रैल, 2025 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ मोटू रिट याचिका (सिविल) सं. 7/2024 में पारित आदेश के अनुपालन में, एक विशेष डैशबोर्ड भी तैयार किया जा रहा है। इस डैशबोर्ड पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 तथा कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत स्वीकृत मुआवजे की राशि और उससे संबंधित विवरण नियमित रूप से अपलोड होंगे। यह व्यवस्था दावेदारों, अधिवक्ताओं, बीमा कंपनियों और अधिकरणों सहित सभी हितधारकों के लिए उपयोगी होगी। शुभारंभ अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने कहा कि न्याय तक पहुंच केवल संवैधानिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। एम.ए.सी.टी. पोर्टल और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार तैयार किया जा रहा डैशबोर्ड, दोनों मिलकर दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध और पारदर्शी राहत उपलब्ध कराएंगे।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प और महा बचत अभियान पर होगी चर्चा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रमों आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और महा बचत अभियान जीएसटी रिफॉर्म को लेकर शिवपुरी में एक महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला बुधवार, 24 सितंबर को दोपहर 3 बजे कमला हेरिटेज होटल, ग्वालियर बायपास रोड, रेलवे स्टेशन शिवपुरी में होगी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को इन महत्वपूर्ण अभियानों की रूपरेखा और लक्ष्यों से अवगत कराना है। कार्यक्रम में संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव इसकी अध्यक्षता करेंगे। कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणी इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिकाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा मंडल प्रभारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल टोली, मोर्चों के जिलाध्यक्ष, महामंत्री और प्रकोष्ठों के जिला संयोजक शामिल होंगे। कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला शिवपुरी के जिला महामंत्री और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला सह-संयोजक गगन खटीक द्वारा किया गया है। यह कार्यशाला आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# आज छ : लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिलेभर के स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र सक्रिय

नवभारत न्यूज
शिवपुरी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शिवपुरी जिले के ढाई हजार से अधिक स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों में लगभग 6 लाख बच्चों को पेट के कीड़े मारने वाली दवा एल्वेंडाजॉल दी जाएगी। इसके अलावा, वयस्कों के लिए यह दवा सीएचसी, पीएचसी और उप स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े में स्वास्थ्य कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से दक्षता प्रदान की गई है। डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि एल्वेंडाजॉल दवा की कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं है, लेकिन गर्भवती और धात्री महिलाओं को इसे नहीं देना चाहिए। अन्य सभी लोग निर्धारित मात्रा अनुसार इसे सेवन कर सकते हैं। जो बच्चे और वयस्क 23 सितम्बर 2025 को दवा लेने से चूक जाएंगे, उनके लिए 26 सितम्बर 2025 को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा।

### एल्वेंडाजॉल गोली की मात्रा और सेवन का तरीका

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आशीष व्यास ने बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीस कर साफ पानी के साथ खिलाएँ। 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 1 गोली पीस कर साफ पानी के साथ खिलाएँ। 4 से 49 वर्ष तक के बच्चे, पुरुष और महिलाएं 1 गोली चबाकर खाएँ।

## पुरानी रंजिश पर की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** बड़ौदा थाना क्षेत्र के मकड़ावदा कलां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।




# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई : पिछोर वनपरिक्षेत्र में जेसीबी जब्त

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22सितम्बर।** वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी सुधांशु यादव के निर्देशानुसार उप वनमण्डलाधिकारी आदित्य शांडिल्य के मार्गदर्शन में जिलेभर में लगातार कार्यवाहियों की जा रही हैं। इसी क्रम में वनपरिक्षेत्र पिछोर में अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिए चल रही रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन जब्त की है।

वनपरिक्षेत्राधिकारी पिछोर ऋषभ बिसारिया के निर्देशन में सबरेंज मायापुर में रात्री गश्त की जा रही थी। इसी दौरान बीट पुरा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 305 चौखट



नामक स्थान पर रात्रि लगभग 2:50 बजे एक जेसीबी को अवैध उत्खनन हेतु क्षेत्र साफ करते हुए पाया गया। वनदल को देखकर जेसीबी चालक एवं अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गए। जेसीबी की जप्ती की कार्रवाई कार्यवाहक वनपाल नीरज राजौरिया, कार्यवाहक वनपाल मुंशीलाल यादव, वनरक्षक अवधेश सिंह, कन्हैयालाल आदिवासी, राजवीर गोयल, नरेन्द्र बिदुआ एवं विपिन बिहारी बिछौतिया द्वारा की गई। जब्त वाहन को वन अपराध प्रकरण कायम कर राजापुर वनचौकी में सुरक्षित रखा गया।

# एपीएस का एन .पी .के . 20 :20 :13 रैक किसानों के लिए उपलब्ध

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 22सितम्बर।** जिले में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के आदेशानुसार महाधन रेक एपीएस कंपनी का एन.पी.के. 20:20:13 रैक 21.09.2025 को शिवपुरी रैक पॉइंट पर लगाया गया। जिले को कुल 1093 मै.टन एन.पी.के. 20:20:13 प्राप्त हुआ। इसमें डबल लॉक गोदामों को 650 मै.टन, मार्केटिंग सोसायटियों को 100 मै.टन और निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं को 343 मै.टन खाद उपलब्ध कराई गई।

डबल लॉक गोदामों में शिवपुरी मार्कफेड को 100 मै.टन, करैरा पोहरी मार्कफेड को 75 मै.टन, पोहरी मार्कफेड को 300 मै.टन और पिछोर मार्कफेड को 175 मै.टन एन.पी.के. 20:20:13 प्राप्त हुआ। वहीं, मार्केटिंग सोसायटियों में नरवर विपणन सहकारी संस्था को 50 मै.टन और खनियाधाना विपणन सहकारी संस्था को 50 मै.टन खाद मिली। निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं में शिवपुरी जनता एग्रो एजेंसी को 25 मै.टन, खनियाधाना अनुराग ट्रेडर्स वामोरकला को 25 मै.टन, करैरा रामदास गुप्ता और रघुवीर शरण को 25-25 मै.टन, खनियाधाना विवेक ट्रेडर्स वामोरकला को 25 मै.टन, नरवर महेश ब्रेडर्स को 25 मै.टन, कोलारस पी.एस. ट्रेडर्स को 85 मै.टन, करैरा गुप्ता डेअर्स को 70 मै.टन और खनियाधाना के विवेक ट्रेडर्स व किसान सेवा केन्द्र को 19-19 मै.टन खाद प्राप्त हुई। कुल वितरण निजी थोक विक्रेताओं के माध्यम से 343 मै.टन रहा। इस पूरे वितरण कार्य को कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा आदेशित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर 23.09.2025 को डबल लॉक केंद्र, मार्केटिंग सोसायटियों एवं निजी विक्रय केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। उप संचालक पी.एस. करोरिया, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जिला शिवपुरी ने सभी किसानों से अपील की है कि वे खाद के लिए जिला स्तर पर न आएं और अपने नजदीकी तहसील, सोसायटी या निजी विक्रय केंद्रों से ही खाद प्राप्त करें। उप संचालक पी.एस. करोरिया ने स्पष्ट किया कि कोई भी निजी उर्वरक विक्रेता उर्वरक की कालाबाजारी या अधिक दर पर विक्रय करते पाया गया तो ई.सी.ए. के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिले में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा निजी एवं सहकारी केंद्रों पर भंडारित है और किसान अपनी आवश्यकतानुसार इन केंद्रों से खाद प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही किसान भाइयों से अपील करते हुए उपसंचालक करोरिया ने कहा कि डीएपी में केवल नाइट्रोजन और फास्फोरस तत्व पाए जाते हैं, जबकि एनपीके में नाइट्रोजन और फास्फोरस के अलावा पोटाश और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इसलिए किसानों के लिए विकल्प के रूप में सलाह दी जाती है कि वे रवि फसलों में अधिक से अधिक एनपीके का उपयोग करें। जिले में एनपीके का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है।